दिन– मंगलवार

दिनांक– 22 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस का परिणाम घोषित। प्रयागराज की शक्ति दूबे ने किया टॉप। सीतामढ़ी के राजकृष्ण झा ने आठवां स्थान हासिल किया।

02. केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– वक्फ संशोधन अधिनियम का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना और संपत्ति का दुरुपयोग रोकना है।

03. राज्य के अधिकतर भागों में गर्मी का प्रकोप बढा। केन्द्र सरकार ने हिट वेव से मजदुरों की सुरक्षा के लिए राज्यों को तत्काल उपाय करने का परामर्श जारी किया।

04. और, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने लोगों से जातिवाद से ऊपर उठकर काम करने की अपील की।

---

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस का परिणाम घोषित कर दिया है। जारी परिणाम के अनुसार प्रयागराज की शक्ति दूबे ने पहला स्थान प्राप्त किया है। शक्ति दूबे ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि पहले तो उन्हें पहले टॉप करने का विश्वास नहीं हो रहा था।

–––बाइट–––

हर्षिता गोयल दूसरे जबकि डोंगरे अर्चित प्राग देशभर में तीसरे स्थान पर रहे है। सीतामढ़ी जिले के अथरी गांव के रहने वाले राजकृष्ण झा ने देशभर में आठवां स्थान हासिल किया। राजकृष्ण झा ने कहा कि उनकी सफलता लगातार मेहनत और बड़ो के आशीर्वाद के कारण संभव हुई है। उन्होंने भावी उम्मीदवारों को ज्यादा से ज्यादा मॉक टेस्ट देने की सलाह दी है।

–––बाइट–––

वहीं, बक्सर जिले के राजपुर प्रखंड के कुसरूपा गांव के हेमंत मिश्रा ने तेरहवां स्थान और जमुई की रहने वाली संस्कृति त्रिवेदी ने सत्रहवां स्थान प्राप्त किया है। पहले

दस टॉपरों में चार महिला उम्मीदवार शामिल हैं। परीक्षा परिणामों में बिहार के तीन उम्मीदवार टॉप ट्वेंटी लिस्ट में शामिल है। परीक्षा में कुल एक हजार नौ उम्मीदवारों ने सफलता प्राप्त की है। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा की लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों का इस वर्ष जनवरी से अप्रैल के बीच साक्षात्कार हुआ था।

———————————————————————

केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि वक्फ संशोधन अधिनियम का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना और संपत्ति का दुरुपयोग रोकना है। श्री रिजिजू ने आज मुम्बई में वक्फ सुधार और जन जागरूकता अभियान के तहत आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत जैसे बड़े देश में जमीन के एक–एक इंच का उचित उपयोग होना चाहिए।

———बाइट———

श्री रिजिजू ने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर विपक्ष के कथित दुष्प्रचार अभियान की निंदा करते हुए कहा कि मुस्लिम आबादी का एक बड़ा वर्ग वक्फ कानून के नए प्रावधानों का स्वागत कर रहा है।

———बाइट———

———————————————————————

वक्फ संशोधन कानून को कई धार्मिक गुरुओं ने गरीब मुसलमानों के हित में बताया है। उत्तर प्रदेश बाराबंकी के धर्म गुरु वामिक वारसी ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में वक्फ के नाम पर हिंसा की कड़ी निंदा की है।

———बाइट———

———————————————————————

केंद्रीय सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्री डॉ० वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त किए बिना वास्तविक विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। नई दिल्ली में

सामाजिक न्याय पे चर्चा–दो हजार पच्चीस को संबोधित करते हुए डॉक्टर कुमार ने यह बात कही।

–––बाइट–––

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी ने ऐसे ही समाज की कल्पना की थी कि समाज की सबसे अंतिम पंक्ति के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति को जब रहने के लिए मकान मिल जाए, पहनने के लिए कपड़ा मिल जाए, अस्वस्थ होने पर उसे दवाइयां मिल जाए, उसके बच्चों को शिक्षा के अच्छे प्रबंध मिल जाएं, तभी सही मायने में सामाजिक न्याय की विकास की अवधारणा पूरी होती है।

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने बिहार के लोगों से जातिवाद से ऊपर उठकर बिहारी के रुप में काम करने की अपील की। पटना में आयोजित नालंदा खुला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि देश के दूसरे हिस्सों में राज्य के लोग सफल है क्योंकि वे बिहारी की भावना के साथ काम करते हैं लेकिन यहां आकर बंट जाते हैं।

–––बाइट–––

———————————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में गर्मी का प्रकोप बढ गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूरे राज्य में अधिकतम तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभूआ, अरवल, औरंगाबाद समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों में अधिकतम तापमान बियालीस डिग्री सेल्सियस के आस पास दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि हो सकती है।

–––बाइट–––

मौसम विभाग ने राज्य के इकतीस जिलो में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। अलर्ट के मद्देनजर आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश पर जिला प्रशासन लू के प्रभाव से निपटने की तैयारी शुरू कर दी है।

———————————————————————————

राज्य में भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। शेखपुरा जिले के बरबिघा स्थित प्लस टू विद्यालय में नौवीं और दसवीं कक्षा के आधा दर्जन से अधिक छात्र–छात्राएं गर्मी की चपेट में आकर बेहोस हो गए। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराना परा।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अत्यधिक हीटवेव की परिस्थितियों से श्रमिकों और मजदूरों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की सलाह दी है। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में संवाददताओं से बात करते हुए कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को पत्र लिखकर श्रमिकों के लिए प्रभावी हीटवेव निवारक उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए है। मंत्रालय ने विभिन्न नियोक्ताओं और कंपनियों को परामर्श जारी कर काम के घंटों को पुनर्निर्धारित करने, कार्य स्थल पर पर्याप्त पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और श्रमिको की नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किए जाने की सलाह दी है।

———————————————————————————

वायु सेना की सूर्य किरण टीम ने पटना के जे.पी. गंगा पथ पर एयरोबैटिक–एयर शो में हैरतअंगेज कारनामे दिखाए। अठारह सौ सत्तावन की क्रांति के नायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्य समारोह कल आयोजित किया जायेगा। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

एयर शो में शामिल हॉक नाइन विमान उड़ा रही फ्लाइट लेफ्टिनेंट कंवल संधु ने कहा कि रिहर्सल शो शानदार रहा और कल होने वाला मुख्य प्रदर्शन और भी शानदार होगा।

---बाइट---

---

भोजपुर जिले में बाबू कुंवर सिंह के विजयोत्सव यानी शौर्य दिवस पर आयोजित होने वाला राजकीय समारोह स्थगित कर दिया गया है। पोप फ्रांसिस के निधन पर भारत सरकार द्वारा तीन दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा को देखते हुए कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। अब बाबू वीर कुंवर सिंह के जगदीशपुर किला और आरा के वीर कुंवर सिंह पार्क में सिर्फ माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौबीस अप्रैल को मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समस्तीपुर और सहरसा के बीच नई सवारी गाड़ी का शुभारंभ करेंग। यह जानकारी समस्तीपुर मंडल के रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने दी है।

बक्सर की एक स्थानीय अदालत ने हत्या के मामले में दोषी तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इन सभी पर बीस बीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

---

01. यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस का परिणाम घोषित। प्रयागराज की शक्ति दूबे ने किया टॉप। सीतामढ़ी के राजकृष्ण झा ने आठवां स्थान हासिल किया।

02. केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा– वक्फ संशोधन अधिनियम का उद्देश्य गरीब मुसलमानों को लाभ पहुंचाना और संपत्ति का दुरुपयोग रोकना है।

03. राज्य के अधिकतर भागों में गर्मी का प्रकोप बढा। केन्द्र सरकार ने हिट वेव से मजदुरों की सुरक्षा के लिए राज्यों को तत्काल उपाय करने का परामर्श जारी किया।

04. और, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने लोगों से जातिवाद से ऊपर उठकर काम करने की अपील की।

---

समाप्त